भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1713

उत्तर देने की तारीख 01.08.2024

गुजरात में एसएफयूआरटीआई (स्फूर्ति)

† 1713 श्री विनोद लखमशी चावड़ा:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पारंपरिक उद्योगों के पुनरुद्धार के लिए निधि योजना (एसएफयूआरटीआई) गुजरात में लागू की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो गुजरात में, विशेषकर भुज, अब्दासा, गांधीधाम, रापर, मांडवी और अंजार जिलों में प्राप्त परिणामों का ब्यौरा क्या है;

(ग) संगठित पारंपरिक उद्योगों और शिल्पकारों के समूहों की संख्या क्या है;

(घ) नियमित आधार पर रोजगार प्रदान करने वाले पारंपरिक उद्योग क्षेत्र के शिल्पकारों और ग्रामीण उद्यमियों की संख्या क्या है;

(ङ) क्या उत्पादों को विपणन क्षमता, डिजाइन अंतःक्षेप और बेहतर पैकेजिंग के लिए सहायता प्रदान की गई है; और

(च) यदि हां, तो ऐसे उत्पादों की संख्या क्या है और यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) जी हां। गुजरात में परंपरागत उद्योगों के पुनर्सृजन के लिए निधि (स्फूर्ति) स्कीम का कार्यान्वयन किया जा रहा है।

(ख एवं ग) गुजरात में संगठित किए गए परंपरागत कारीगरों और प्राप्त परिणामों का क्लस्टर-वार विवरण **अनुबंध-I** में प्रदान किया गया है। मंत्रालय को स्फूर्ति के अंतर्गत भुज, अब्दासा, गांधीधाम, रापर, मांडवी और अंजार जिलों से कोई क्लस्टर प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(घ) गुजरात में 11 क्रियाशील स्फूर्ति क्लस्टरों में 5,580 पारंपरिक उद्योग कारीगरों को नियमित और स्थायी रोजगार प्रदान किया गया।

(ङ एवं च) जी, हां। गुजरात में स्फूर्ति के अंतर्गत विपणन, डिजाइन क्रियाकलाप और बेहतर पैकेजिंग के लिए समर्थित उत्पादों की क्लस्टर-वार संख्या का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

*****

अनुबंध-I

दिनांक 01.08.2024 को उत्तर हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1713 के भाग (ख एवं ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

क्र.सं.	क्लस्टरों के नाम	जिला	स्थिति	स्फूर्ति सहायता (लाख रुपए में)	लाभान्वित कारीगर
1	बागोदरा कढ़ाई और एप्लिक क्लस्टर	अहमदाबाद	क्रियाशील	239.11	500
2	बुनाई, छपाई और आभूषण क्लस्टर		क्रियाशील	481.8	874
3	इंपीरियल अगरबत्ती प्रसंस्करण क्लस्टर		कार्यान्वयनाधीन	226.78	461
4	तारापुर कयर क्लस्टर	आनंद	क्रियाशील	247.84	507
5	बनासकांठा क्लस्टर	बनासकांठा	क्रियाशील	149.99	500
6	सुजानी (रजाई) क्लस्टर	भरूच	क्रियाशील	247.35	410
7	कलाकृति परिधान परिधान क्लस्टर	मेहसाणा	क्रियाशील	130.15	309
8	तिलकवाड़ा बांस शिल्प क्लस्टर	नर्मदा	क्रियाशील	213.14	415
9	पैच वर्क और कढ़ाई क्लस्टर	नवसारी	क्रियाशील	234.92	455
10	बेंत और बांस क्लस्टर गुजरात		कार्यान्वयनाधीन	144.13	250
11	लोहार और कृषि उपकरण क्लस्टर	सूरत	क्रियाशील	118.57	498
12	कढ़ाई और सिलाई क्लस्टर	सुरेंद्रनगर	क्रियाशील	242.02	600
13	तापी बांस क्लस्टर	तापी	क्रियाशील	207.9	512
14	डांग बांस क्लस्टर	डांग	कार्यान्वयनाधीन	122.62	252

अनुबंध-II

दिनांक 01.08.2024 को उत्तर हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1713 के भाग (ङ एवं च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

क्र.सं.	क्रियाशील क्लस्टरों के नाम	उत्पादों की संख्या	उत्पादों के नाम
1	बागोदरा कढ़ाई और एप्लिक क्लस्टर	5	पैच, एप्लिक बैग, कपड़ा उत्पाद, घर की सजावट।
2	लोहार और कृषि उपकरण क्लस्टर	6	बागवानऔजर सेट, दरांती, हैंड रैक, हैंड हो, कर्जत हो, वीडिंग हुक।
3	कढ़ाई और सिलाई क्लस्टर	2	कढ़ाई वाले कपड़े, फर्नीचर सजावटी सामान
4	कलाकृति परिधान परिधान क्लस्टर	5	कुर्ती, घर की सजावट, उपहार देने वाले उत्पाद, कुशन कवर, पुरुषों का कुर्ता।
5	पैच वर्क और कढ़ाई क्लस्टर	5	पैच वर्क बैग, कढ़ाई वाली साड़ी, सलवार कुर्ता, कुशन कवर, ड्रेस मटीरियल।
6	संवेदना क्लस्टर	3	कयर फाइबर, कॉयर पिथ, हस्तशिल्प
7	सुजानी (रजाई) क्लस्टर	3	रजाई, बैग, कुशन और दीवार पर लटकाने वाली वस्तुएँ
8	तापी बांस क्लस्टर	4	बांस शिल्प, फर्नीचर, चटाई उत्पाद, निर्माण घटक
9	तारापुर कयर क्लस्टर	5	बांस फर्नीचर, सजावटी उत्पाद, सिरेमिक बर्तन और उपयोगी उत्पाद
10	तिलकवाड़ा बांस शिल्प क्लस्टर	3	कयर फाइबर, पिथ खाद, हस्तशिल्प, आभूषण, चटाई
11	बुनाई, छपाई और आभूषण क्लस्टर	5	साड़ी, कुर्ता, दुपट्टा, घरेलू सामान, हस्तनिर्मित आभूषण और सहायक उपकरण